एनटीपीसी NTPC

नॉर्थ करणपुरा
NORTH KARANPURA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक: **18.11.2026**

एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा, टंडवा में निर्माणाधीन कन्वेयर बेल्ट पर कार्य के दौरान हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में मेसर्स सिम्प्लेक्स इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड एवं मेसर्स थिसेनक्रुप (ThyssenKrupp) के अंतर्गत कार्यरत तीन श्रमिकों की मृत्यु हो गई तथा दो श्रमिक घायल हो गए।

इस हृदयविदारक घटना से एनटीपीसी परिवार अत्यंत शोकाकुल है। एनटीपीसी दिवंगत श्रमिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना एवं सहानुभूति व्यक्त करता है। इस कठिन समय में एनटीपीसी प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है और उन्हें हरसंभव सहायता एवं सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। दोनों घायल श्रमिकों को आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। एनटीपीसी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है।

घटना के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है तथा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। कार्यस्थल पर सभी कर्मियों की सुरक्षा एवं संरक्षा एनटीपीसी की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जन संपर्क अधिकारी
एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा